TOTAL समाचार
यहां नहीं तो कहीं नहीं...

Total Samachar सुल्तानपुर रोड स्थित स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज (एस.एम.एस.) में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

By totalsamacharnews - September 23, 2023

2 0

सुल्तानपुर रोड स्थित स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज (एस.एम.एस.), लखनऊ में आज दिनाँक 23 सितम्बर 2023 को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया l कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्याम कृष्ण पाण्डेय थे l उन्होंने अपने सम्बोधन में बताया कि इस पीढी के छात्रों में मानवीय मूल्यों ,कार्पोरेट मंत्रो और तकनीकी कौशल का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है तथा विस्तार से छात्रों को यह भी बताया कि आप अपनी जिज्ञासा को पहले सुनिश्चित करें तभी कार्यक्रम को आगे बढ़ाकर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं l

विवेक मिश्रा, सह– महाप्रबंधक, एच. सी. एल., तकनीकी ने छात्रों को विज्ञानं एवं उद्योग जगत में आ रहे बदलाओं के अनुरूप छात्र अपने आप को तैयार करे तथा कम्युनिकेशन व व्यक्तित्व के विकास के लिए प्रतिदिन अंग्रेजी अखबार अवश्य पढ़ें l

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के सौरभ श्रीवास्तव ने कुछ कहानियों के माध्यम से छात्रों को एक सफल उद्यमी, इन्नोवेटर, शिक्षक, लेखक, आदि बनने के लिए प्रतिबद्धता व समय प्रबंधन पर जोर दिया I

दीपक मिश्र, वरिष्ठ महाप्रबंधक, सी.पी.मिल्क एंड फ़ूड प्रोडक्ट्स ने अपने भी वक्तव्य में अपने को पहचानकर सही समय पर निर्णय लेने से जीवन में बदलाव लाया जा सकता हैं, छात्रों को प्रेरणा दी I छात्रों को करियर विकल्पों और नई तकनीक के बारे में बताया तथा छात्रों को सतत विकास के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर संस्थान के सचिव व मुख्यकार्याधिकारी, शरद सिंह ने नवागंतुकछात्रों को बताया कि एस.एम.एस. के नैक में ए प्लस हुआ हैं तथा छात्रों को कैंपस की उच्च कोटि की सुविधाओ का उपयोगकर भारत को श्रेष्ठ बनाने का आवाहन किया I नव प्रवेशित विद्यार्थियों को सम्पूर्ण मस्तिष्क व पूरे मन से स्वयं के विकास के लिए तैयार करने तथा सभी छात्र/ छात्राओ को परिसर में होने वाली गतिविधियों की, विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई I

निदेशक एस. एम.एस., डा मनोज मेहरोत्रा ने नवागंतुक छात्रों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी तथा अतिथियों का स्वागत करते हुए सस्थान की गतिविधियों का विस्तार से जानकारी दी l उक्त कार्यक्रम में, महाप्रबंधक-तकनीकी, डा. भरत राज सिंह ने समापन सम्बोधनमें सभी आगँतुकों को व अतिथियों का तहे दिल से धन्यवाद पारित किया l

इस अवसर पर निदेशक प्रशासन, डा. जगदीश सिंह ,संयुक्त निदेशक, डा वी.बी. सिंह, सह-निदेशक, डा. धर्मेन्द्र सिंह, महाप्रबंधक, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, कुलसचिव, एस एन शुक्ल एवम अधिष्ठाता- छात्र कल्याण व अधिष्ठाता इंजीनियरिंग तथा अन्य अधिकारी, शिक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित रहे I

प्रेषक –
प्रोफ. भरत राज सिँह,
महानिदेशक -तकनीकी,
एस. एम. एस., लखनऊ

---

https://www.totalsamachar.com/know-the-scientific-importance-of-shiva-worship-in-the-month-of-shravan/